प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

.....

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 10 फरवरी को सुबह 11 बजे देश भर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत करेंगे। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन सहित व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे।

.....

प्रधानमंत्री – भाजपा की जीत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम इस बात का प्रतीक है कि देश भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने ये स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली के असली मालिक दिल्ली के लोग हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली एक शहर मात्र नहीं है, बल्कि यह एक लघु भारत है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की धारणा के अनुरूप है।

.....

विधायक आपके द्वार

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा है कि कल 10 फरवरी से 16 फरवरी तक नगरोटा विस क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि दस फरवरी को अंबाड़ी तथा उपरली मजठेली, 11 को चाहड़ी व हटवास, 12 फरवरी को चंद्रोट तथा मोरठ जसाई, 13 फरवरी को सदरपुर, कलेड़ व 14 फरवरी को  रिन तथा धलूं , 15 फरवरी को लूहना तथा बरग्रां में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

.....

?राष्ट्रीय खेलें

उत्तराखंड के रुद्रपुर में चल रही राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल की टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखा है। प्रदेश ओलम्पिक संघ के सह–सचिव डीडी तनवर ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल की टीम ने उतर प्रदेश को 50–14 से पराजित किया। *अधिक ब्यौरा इस रिपोर्ट में .....*

*हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीम ने अपने दूसरे मैच में उत्तर प्रदेश को भी एकतरफा मुकाबले में पराजित कर शानदार जीत दर्ज की है। हिमाचल की तरफ से सबसे ज्यादा 9 गोल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मेनिका पाल ने किए। वहीं उनका साथ देते हुए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भावना शर्मा ने 7, कृ तिका ने 6, गुलशन ने 5 मिताली ने 6, प्रियंका ठाकुर ने 5, जागृति ने 3 जस्सी ने 3 ,पायल ने 4 व रिम्पल ने 4 गोल करके अपनी टीम को एकतरफा मुकाबले में परास्त किया। राष्ट्रीय खेलों में कल एथेलेटिक्स और जिमनास्टिक स्पर्धाओं की भी शुरूआत हुई। पुरूष वर्ग में हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल ने स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय खेलों में अब तक 39 स्वर्ण पदक जीत कर सेना सूची में शीर्ष पर है। तीस स्वर्ण पदकों के साथ कर्नाटक दूसरे स्थान पर है।*

.....

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–जकातखाना में जल शक्ति पी.डब्ल्यूडी डिवीजन–मुख्यमंत्री ने की नयनादेवी हलके पर तोहफों की बारिश। आपका फैसला की सुर्खी है–श्रीनयना देवी मंदिर पर खर्च होंगे 100 करोड़। दैनिक जागरण के शब्द हैं– रेललाईन निर्माण में बिलासपुर तक का ही खर्च देंगे।

अमर उजाला की सुर्खी है– शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू करने की तैयारी–हिमाचल में नए शैक्षणिक सत्र से सभी स्कूलों के लिए जारी हो सकते है दिशा निर्देश।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– एक सप्ताह बाद खुलेगा ट्रेजरी का फ्लो प्रदेश में नहीं कोई आर्थिक तंगी।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं– वीकेंड पर पर्यटन कारोबार भी ठंडा, शिमाला व मनाली में सिर्फ 4 हजार पर्यटक वाहन पहुंचे।